# न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर,भरतपुर

पीठासीन अधिकारी – नरेश कुमार मालव

अपील संख्याः–80/2018

मिश्रीदेवी पुत्री रामपाल पत्नि प्रभुदयाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुर हाल निवासी ग्राम केसरा तहसील महुआ जिला दौसा (राज.)

अपीलान्ट

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार वैर, तहसील वैर जिला भरतपुर (राज.)

असल रेस्पोडेन्ट

2. रामजीलाल
3. प्रभुदयाल
4. गोपाल
5. कोकीसिंह
6. पॉच्यारामं

} पिसरान रामपाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुरं (राज.)

तरतीबी रेस्पोडेन्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75
राजस्थान भू0राजस्व अधिनियम 1956
विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 2270
बाके ग्राम हलैना तहसील वैर
आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.02.08

अपील संख्याः–81/2018

मिश्रीदेवी पुत्री रामपाल पत्नि प्रभुदयाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुर हाल निवासी ग्राम केसरा तहसील महुआ जिला दौसा (राज.)

अपीलान्ट

[illegible]

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार वैर, तहसील वैर जिला भरतपुर (राज.)

असल रेस्पोडेन्ट

2. रामजीलाल
3. प्रभुदयाल
4. गोपाल
5. कोकीसिंह
6. पॉच्यारम

पिसरान रामपाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुरं (राज.)

तरतीबी रेस्पोडेन्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75
राजस्थान भू0राजस्व अधिनियम 1956
विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 740
बाके ग्राम वेवर तहसील वैर
आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 31.01.08

अपील संख्याः–82/2018

प्रभुदयाल पुत्र रामपाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुर (राज.) हाल निवासी वार्ड नं. 12 महाशय कालौनी, खेडली तहसील कठूमर जिला अलवर (राज)

अपीलान्ट

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार वैर, तहसील वैर जिला भरतपुर (राज.)

असल रेस्पोडेन्ट

2. रामजीलाल
3. गोपाल
4. कोकीसिंह
5. पांच्याराम

पिसरान रामपाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुरं (राज.)

6. मिश्रीदेवी पुत्री रामपाल पत्नि प्रभुदयाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुर हाल निवासी ग्राम केसरा तहसील महुआ जिला दौसा (राज.)

तरतीबी रेस्पोडेन्ट

अपील अन्तर्गत धारा 75
राजस्थान भू0राजस्व अधिनियम 1956
विरूद्ध नामान्तरकरण संख्या 650
आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.06.15
बाके ग्राम नसवारा तहसील वैर

## निर्णय

दिनांक : 05.03.2020

तीनों अपीलों की प्रकृति एवं एक ही परिवार के होने के कारण एक ही निर्णय लिखाया जा रहा है। अपील संख्या 80/2018 में अपीलान्ट द्वारा यह अपील दिनांक 14.11.2018 को विरूद्ध रेस्पोडेन्ट अन्तर्गत धारा 75 एल0आर0एक्ट इस आशय की पेश की कि नामान्तरकरण संख्या 2270 बाके ग्राम हलैना तहसील वैर में अपीलान्ट का नाम सफेदी दर्ज कर दिया गया है। जबकि अपीलान्ट का नाम सफेदी नहीं है एवं मृतक रामपाल की सफेदी नाम की कोई पुत्री नहीं है। बल्कि मृतक रामपाल की एक पुत्री अपीलान्ट मिश्रीदेवी है। अपीलान्ट का राशन कार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज में भी नाम मिश्रीदेवी पत्नि प्रभुदयाल दर्ज है। अतः अपील स्वीकार कर अपीलान्ट का नाम सफेदी के नाम पर मिश्रीदेवी दुरूस्त करने बाबत् तहसीलदार वैर को नामान्तरकरण रिमांड किये जाने के आदेश फरमाये जावे।

(3)
(2)
(4)

अपील संख्या **81/2018** में अपीलान्ट द्वारा यह अपील दिनांक 14.11.2018 को विरूद्ध रेस्पोडेन्ट अन्तर्गत धारा 75 एल0आर0एक्ट इस आशय की पेश कीं कि नामान्तरकरण संख्या 740 बाके ग्राम वेवर तहसील वैर में अपीलान्ट का नाम सुफेदी दर्ज कर दिया गया है। जबकि अपीलान्ट का नाम सुफेदी नहीं है एवं मृतक रामपाल की सुफेदी नाम की कोई पुत्री नहीं है। बल्कि मृतक रामपाल की एक पुत्री अपीलान्ट मिश्रीदेवी है। अपीलान्ट का राशन कार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज में भी नाम मिश्रीदेवी पत्नि प्रभुदयाल दर्ज है। अतः अपील स्वीकार कर अपीलान्ट का नाम सफेदी के स्थान पर मिश्रीदेवी दुरूस्त करने बाबत् तहसीलदार वैर को नामान्तरकरण रिमांड किये जाने के आदेश फरमाये जावे।

अपील संख्या **82/2018** में अपीलान्ट द्वारा यह अपील दिनांक 14.11.2018 को विरूद्ध रेस्पोडेन्ट अन्तर्गत धारा 75 एल0आर0एक्ट इस आशय की पेश की कि नामान्तरकरण संख्या 650 बाके ग्राम नसवारा तहसील वैर में अपीलान्ट का नाम दयाल दर्ज कर दिया गया है। जबकि अपीलान्ट का सही नाम प्रभुदयाल है। अपीलान्ट का राशन कार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं अन्य दस्तावेज में भी नाम प्रभुदयाल पुत्र रामपाल दर्ज है। अतः अपील स्वीकार कर अपीलान्ट का नाम दयाल के स्थान पर प्रभुदयाल दुरूस्त करने बाबत् तहसीलदार वैर को नामान्तरकरण रिमांड किये जाने के आदेश फरमाये जावे।

उक्त तीनों अपीलों को दर्ज रजि. कर तलवी रैस्पोडेन्टों कि की गई। रैस्पोडेन्ट जरिये अभिभाषक उपस्थित हुये। उभयपक्षकारान के अभिभाषकों की बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

नामान्तरकरण सं. 2270 एवं 740 में अपीलान्ट का नाम सफेदी पुत्री रामपाल दर्ज किया गया है जो गलत है। अपीलान्ट का

(5)

सही नाम मिश्रीदेवी है। आधार कार्ड एवं राशन कार्ड में भी अपीलान्ट का नाम मिश्रीदेवी पत्नि प्रभुदयाल है। जबकि नामान्तरकरण संख्या 650 दिनांक 16.06.2015 ग्राम नसवारा तहसील वैर में अपीलान्ट का नाम मिश्री पुत्री रामपाल सही दर्ज है। इसी प्रकार नामान्तरकरण संख्या 650 में अपीलान्ट का नाम प्रभुदयाल के स्थान पर दयाल दर्ज कर दिया गया है, जो गलत है। अपीलान्ट का नाम आधार कार्ड, राशन कार्ड में प्रभुदयाल पुत्र रामपाल है। जबकि नामान्तरकरण संख्या 2270 दिनांक 16.02.2018 ग्राम हलैना तहसील वैर एवं नामान्तरकरण संख्या 740 दिनांक 31.01.2018 ग्राम वेवर तहसील वैर में अपीलान्ट का सही नाम प्रभुदयाल पुत्र रामपाल दर्ज है। नामान्तरकरण विरासत के आधार पर दर्ज किया गया है। अपीलान्ट को बगैर सुने नामान्तरकरण संख्या 2270 बाके ग्राम हलैना तहसील वैर आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.02.08, नामान्तरकरण संख्या 740 बाके ग्राम वेवर तहसील वैर आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 31.01.08, नामान्तरकरण संख्या 650 आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.06.15 बाके ग्राम नसवारा तहसील वैर पर आज्ञा पारित की गई है। नामान्तरकरण पर पारित आज्ञा तहसीलदार वैर निरस्त योग्य है। तीनों नामान्तरकरणों को पुनः निर्णय हेतु तहसीलदार वैर को प्रति प्रेषित किये जाने योग्य है।

## अतः आज्ञा है कि :—

अपील अपीलान्ट 80/2018, 81/2018, 82/2018 स्वीकार की जाती है। नामान्तरकरण सं. 2270 बाके ग्राम हलैना तहसील वैर आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.02.08, नामान्तरकरण संख्या 740 बाके ग्राम वेवर तहसील वैर आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 31.01.08,

अपीलान्ट

नामान्तरकरण संख्या 650 आदेश तहसीलदार वैर दिनांक 16.06.15 बाके ग्राम नसवारा तहसील वैर निरस्त की जाकर प्रकरण तहसीलदार वैर को इस निर्देश के साथ प्रति प्रेषित किया जाता है कि अपीलान्ट को सुनवाई व साक्ष्य का अवसर प्रदान करते हुये पुनः विधि सम्मत आदेश पारित करें। निर्णय की प्रति पालना हेतु तहसीलदार वैर को भेजी जावे। निर्णय की प्रति तीनों पत्रावलियों में शामिल की जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर वाद तकमील, तामील दा. दफ्तर की जावे।

निर्णय आज दिनांक 05 मार्च 2020 को सुनाया गया।

अपील संख्याः—81/2018

मिश्रीदेवी पुत्री रामपाल पत्नि प्रभुदयाल जाति मीना निवासी ग्राम नसवारा तहसील वैर जिला भरतपुर हाल निवासी ग्राम केसरा तहसील महुआ जिला दौसा (राज.)

अपीलान्ट